## कलश का पूजन किया

**भरतपुर** (निस)। नवचेतना जागृति गायत्री महायज्ञ, शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में होने वाले 108 कुंडिय नवचेतना जागृति महायज्ञ भरतपुर गायत्री शक्तिपीठ द्वारा आयोजित किया जाएगा। इसी परिपेक्ष में भरतपुर जिले के वरिष्ठ गायत्री परिजनों द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार जाकर यज्ञ की सफलता के लिए, सूक्ष्म में समाहित परम पूज्य गुरु देव पंडित रामशर्मा आचार्य व वंदनीय माता भगवती देवी के संरक्षण में बहिन शैलवाला पंड्या द्वारा शक्ति कलश भरतपुर गायत्री परिवार के परिजनों को दिया गया शक्ति कलश को हरिद्वार से भरतपुर आने पर रेलवे स्टेशन से भव्य शोभायात्रा के माध्यम से सभी गायत्री परिवार के परिजन व शक्ति स्वरूपा बहनों ने अपने सिर पर शक्ति कलश को धारण कर गायत्री शक्ति पीठ पर बैंडबाजोंके साथ पहुंचाया।इस अवसर पर देवेंद्र गुप्ता चामड प्रमुख ट्रस्टी गायत्री परिवार द्वारा सपत्नीक शक्ति कलश का पूजन किया गया तथा सभी से यज्ञ में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर उपजोन प्रभारी नरेन्द्र जोशी, डॉ जयसिंह कहरवाल, अनिल, पवन, डॉ सुशील पाराशर आदि सैकडों गायत्री परिवार के परिजन उपस्थित थे।

# ग्रेड-पे बढ़ाने की मांग को लेकर ए.एन.एम. कार्मिकों ने रैली निकाली




**भरतपुर में ग्रेड पे बढ़ाने की मांग को लेकर ए.एन.एम. कार्मिकों ने जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी व सरोज कुन्तल ( बाएं से पहली ) के नेतृत्व में रैली निकाली ।**

**भरतपुर** (निस)। जिला कलेक्ट्रेट पर ग्रेड पे बढाने एवं पदनाम परिवर्तन की मांग को लेकर पिछले 18 दिनो से धरने पर बैठी एएनएम एलएचबी कार्मिकों ने अपनी मांगों को लेकर रैली निकाली। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष ऋशि बंसल, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी ने धरना स्थल पहुंचकर एएनएम एलएचबी की समस्याओं को सुना।

जिला अध्यक्ष ऋषि बंसल, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी ने कहा कि सरकार को एएनएम एलएचबी कार्मिकों की मांगों को मानना चाहिए। जिला कलेक्ट्रेट पर अपनी मांगों को लेकर पिछले 16 दिनों से एएनएम एलएचवी धरना दे रही है।

राजस्थान एएनएम एलएचबी एसोसिएसन की प्रदेष उपाध्यक्ष सरोज कुन्तल ने बताया कि पिछले 18 दिनों से एएनएम एलएचबी कार्मिक अपनी जायज मांगों को लेकर भीशण गर्मी के बावजूद धरना पद्रर्षन कर रही हैं। लेकिन सरकार एएनएम एलएचबी की मांगों पर कोई भी सकारात्मक रूख नहीं दिखा रही हैं। अगर ऐसे ही चलता रहा तो एएनएम एलएचबी उग्र आंदोलन को मजबूर होंगी। एएनएम एलएचबी के द्वारा भूख हडताल भी षुरू की जा सकती है। एएनएम एलएचबी संघ ऑफ राजस्थान की जिला अध्यक्ष सरोज कुन्तल ने बताया कि एएनएम एलएचवी महिला कार्मिकों की मांग है कि महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता का पदनाम पब्लिक हैल्थ नर्स ऑफिसर किया जाए।

## समस्याओं को लेकर चर्चा

**भरतपुर** (निस)। जिला व्यापार महासंघ के एक प्रतिनिधि मण्डल ने जिला महामंत्री नरेन्द्र गोयल के नेतृत्व में जुगल किशोर सैनी के निज निवास पर चिकित्सा राज्य मंत्री डॉ. सुभाश गर्ग से मुलाकात की और व्यापारिक समस्याओं को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधि मण्डल में कोशाध्यक्ष जय प्रकाष बजाज, जिला प्रवक्ता विपुल षर्मा, प्रवीण जैन, अनिल हुण्डई, सतीष बजाज, सागर बजाज, जुगल किशोर सैनी इत्यादि व्यापारी थे।

जिला प्रवक्ता विपुल षर्मा ने बताया कि मंत्री सुभाश गर्ग से अनेक व्यापारिक समस्याओं को लेकर वार्ता हुई जिसमें मुख्य रूप से यू.डी. टैक्स व बिजली बिलों में स्थाई षुल्क व फ्यूल सरचार्ज बढाये जाने पर चर्चा हुई। यू.डी. टैक्स पर चर्चा कर व्यापारियों ने कुछ आपनी आपत्ति जताई जिस पर मंत्री महोदय ने षीघ्र ही संबंधित विभाग के अधिकारियों व मेयर के साथ संयुक्त मीटिंग कर समस्याओं के निराकरण का आष्वासन दिया।

बढे हुए बिजली के बिलों के संबंध में प्रतिनिधि मण्डल द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन मंत्री सुभाश गर्ग को सौंपा।

## सार-समाचार

### जिला कांग्रेस कमेटी कि बैठक आज

**करौली** (नि.स.)। जिला कांग्रेस कमेटी करौली कि बैठक आज शुक्रवार को दोपहर 12:30 पर सर्किट हाउस करौली में आयोजित की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष भूपेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि आज शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी करौली के तत्वाधान में आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारी के संदर्भ में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त संसदीय समन्वयक नटवर सिंह एलआरस्क्ड(लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन) को लागू करेंगे।इसी संदर्भ में आने वाले चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी जिससे विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में कांग्रेश अपनी तैयारी शुरू कर सकें।बैठक मे जिला अध्यक्ष,सभी ब्लॉक अध्यक्ष,अग्रिम संगठन,युवा कांग्रेस,एनएसयूआई,महिला कांग्रेस,सेवादल संगठन के अध्यक्ष,विभाग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### आवासीय विद्यालय शुरू होगा

**करौली** (नि.स.) करौली जिले के अन्धपुरा (आननपुरा) में देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2023-24 से शुरू होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विद्यालय के लिए 23 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस विद्यालय में 6 से 12 तक कक्षाएं संचालित होंगी जिसमें विद्यार्थी कक्षा 11 और 12 में विज्ञान संकाय में पढ़ाई कर सकेंगे। नवीन पदों में प्रधानाचार्य का एक पद,व्याख्याता के 6 पद,वरिष्ठ अध्यापक के दो पद,अध्यापक लेवल-द्वितीय के तीन पद,शारीरिक शिक्षक ग्रेड-द्वितीय,पुस्तकालाध्यक्ष ग्रेड-तृतीय,कनिष्ठ लेखाकार,छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-द्वितीय व लिपिक ग्रेड-द्वितीय के एक-एक पद, प्रयोगशाला सहायक व प्रयोगशाला सेवक के तीन-तीन पद शामिल होंगे साथ ही,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा चौकीदार के कार्य हेतु रेक्सको से भूतपूर्व सैनिक,संविदा अथवा गृह रक्षा स्वयंसेवक या नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक की सेवाएं ली जाएंगी।

### निरीक्षण किया

**डीग** (निस)। ग्राम पंचायत सावई और ग्राम पंचायत ब्राह्मण खेड़ा में आयोजित मंहगाई राहत कैम्प व्यवस्थाओं का कांग्रेसी नेता राजीव सिंह कुम्हेर के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा आमजन को मंहगाई से राहत लाने के उद्देश्य और सरकार की 10 महात्वाकांक्षी बजट घोषणाओं के सफल क्रियान्वयन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रशासन गांव के संग कैंपों में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर समस्त पात्र स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान मौके पर कराया।

# 'विधायक के रूप में बाहरी व्यक्ति स्वीकार नहीं'

**टोडाभीम**। पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों को सिंचाई के साथ-साथ पीने को पानी उपलब्ध कराने वाली पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना जहां एक तरफ केंद्र एवं राज्य सरकार के मध्य फुटबॉल बनकर रह गई है तो वहीं दूसरी तरफ वर्ष 2024 में विधानसभा चुनावो को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्र के राजनेता महत्वकांक्षी जल योजना का सहारा लेकर विधानसभा के दरवाजे तक पहुंचने का ख्वाब संजो रहे हैं। वैसे तो क्षेत्र में कई नेता इआरसीपी के मुद्दे को चुनावी गणित में तब्दील करने का सपना संजो रहे हैं, परंतु इस कड़ी में अठाणी नाम भामाशाह के नाम से मशहूर हो चुके पंचायत समिति सदस्य रामनिवास मीणा का है जो इआरसीपी के नाम पर पैसे खर्च कर इआरसीपी का झंडा लेकर प्रदेश में दिसंबर माह में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर क्षेत्र की जनता की नब्ज टटोलने का प्रयास कर रहे हैं हालांकि यह बात भविष्य के गर्भ में छुपी हुई है कि जनता की नब्ज क्या कह रही है। क्षेत्र के राजनीति के जानकारों की माने तो टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र की जनता यह मन बना चुकी है चाहे विधायक भाजपा , कांठोस या निर्दलीय बने लेकिन क्षेत्र का विधायक विधानसभा क्षेत्र का निवासी हो क्षेत्र की जनता बाहरी व्यक्ति को विधायक के रूप में कतई स्वीकार नही करेगी। जबकि कुछ नेताओं के द्वारा इआरसीपी को आम जनता से ज्यादा चुनावी मुद्दा बनाया जा रहा है जिस पर क्षेत्रीय राजनीतिक लोग अपनी पॉलिटिकल रोटी सेकने की जुगत लगा रहे हैं। मामला जनता से जुड़ा हुआ होने के कारण कांठोस और भाजपा दोनों ही दलों के नेता इआरसीपी के मुद्दे पर खुलकर ज्यादा नहीं बोल रहे हैं। ईआरसीपी के मुद्दे को बनाने के लिए पिछले 1 साल में दर्जनों सभाएं हुई, महिला जागरूकता यात्रा निकली गई, पैसा पानी की तरह बहाया गया और भी बहुत कुछ हुआ लेकिन क्या वास्तव में पानी लाने का कोई इरादा है या फिर इआरसीपी से पानी नहीं विधायक निकलने का अंदेशा है। यह तय करना जनता का काम है।

## मंदिर में पसरा सन्नाटा

**करौली** (नि.स.) कैलादेवी मंदिर में अंगराग चोला धारण के कारण मॉ. भक्तों को दर्शन बंद कर दिए हैं जिसके चलते मंदिर में गुरुवार को सन्नाटा पसरा रहा।

उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठ तीर्थ स्थल कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि 18 मई से 28 मई तक कैलामैया का मंदिर मे अंगराज चोला धारण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह 3 वर्ष में एक बार किया जाता है विद्वान पंडित प्रकाश चंद्र जती के सानिध्य में 1 दर्जन से अधिक विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारणो के बीच अंगराग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।

गुरुवार को प्रातः 7:00 बजे कैलामैया की आरती के बाद श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया और पट मंगल कर दिए गए।

उन्होंने बताया कि अब 28 मई दुर्गा अष्टमी को दोपहर फिर से मॉ0 भक्तों को राजराजेश्वरी कैला माता के दर्शन हो पाएंगे इस दौरान उन्होंने मॉ0 भक्तों से अपील की है कि 18 से 27 मई के बीच कैलादेवी नहीं आए क्योंकि भक्तों को माता रानी के दर्शन नहीं हो पाएंगे।

# जनता के हाल जानने के लिए आशा मीना गांव-ढाणी पहुंची



**भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशा मीणा ने गांव - ढाणी में ग्रामीणों की समस्याएं जानी ।**

**सवाई माधोपुर**, 18 मई। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशा मीणा गुरुवार को गांव - ढाणी में ग्रामीणों के दर पहुंची। इस दौरान उन्होंने ठाामीणों की समस्याएं सुनी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के हाल जानने के लिए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशा मीणा सुबह सूरवाल गांव पहुंची। आशा मीणा को अपने दर आया देख ठाामीणों ने उनका आत्मीयता के साथ स्वागत किया। इस बीच ठाामीणों ने उन्हें गर्मी के मौसम में अघोषित बिजली कटौती से होने वाली परेशानी से अवगत करवाते हुए पेयजल की समस्या से भी अवगत करवाया। ठाामीणों की समस्याएं सुनने के बाद मीणा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से रात्रि के समय निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई करवाने व खराब पड़े पेयजल स्त्रोतों को ठीक करवाने का आठाह किया। जनहित से जुड़ी समस्याओं को देखते हुए आशा मीणा के आठाह पर संबंधित अधिकारियों ने उन्हें सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए आश्वस्त किया। सूरवाल के बाद आशा मीना ने बड़ा गांव कहार,तारनपुर, श्रीपुरा,किरतपुरा, मलारना चौड़,बाडोलास एवं रांवल पहुंचकर ठाामीणों के हाल जाने।

## कार्यालय ग्राम पंचायत, फतेहपुर
### पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली

क्रमांक:-08 दिनांक: 16.05.2023

### ई-निविदा सूचना 01/2023-24

ग्राम पंचायत फतेहपुर, पं.स. मासलपुर की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति हेतु वाणिज्यिक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मो/सप्लायर्स से दिनांक 31.03.2024 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत फतेहपुर**
**पंचायत समिति मासलपुर,**
**जिला करौली**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत फतेहपुर**
**पंचायत समिति मासलपुर,**
**जिला करौली**

# सांसद ने केन्द्र सरकार कि योजनाओं का किया बखान

**करौली**। करौली-धौलपुर सांसद डॉ0 मनोज राजौरिया ने केंद्र में मोदी सरकार के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार की योजनाओं का बखान किया। साथ ही सांसद ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी जमकर हमला बोला।

करौली सर्किट हाउस मे आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सांसद मनोज राजौरिया ने कहा कि केंद्र सरकार ने जिले सहित पूरे देश में जहां सड़कों का जाल बिछाया है। वहीं जिले में मेडिकल कॉलेज, चंबल पुल जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं दी है। देश के किसानों के लिए सम्मान निधि,गरीबों को उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न योजनाएं आमजन को राहत और विकास कार्य में मदद कर रही है। हर घर नल से जल योजना भी देश की आबादी की प्यास बुझाने का काम कर रही है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे बनकर तैयार है। राम मंदिर बनाने और कश्मीर में धारा 370 को हटाने का काम भी केंद्र सरकार ने किया है। इस दौरान सांसद ने सीएम अशोक गहलोत पर प्रदेश की पूर्व सीएम वसुंधरा के खिलाफ झूठे आरोप लगाने की बात कही। राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए सांसद ने कहा कि बिजली की दरों में बढ़े सरचार्ज ने उपभोक्ताओं के बिल में वृद्धि की है। सांसद ने महंगाई राहत कैंप में आमजन को परेशान और भ्रमित करने का आरोप लगाया। सांसद ने कहा कि जिस तरह केंद्र सरकार सम्मान निधि का लाभ दे रही है।

इसी तरह राज्य सरकार चाहती तो आमजन को विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे दे सकती थी। लेकिन राज्य सरकार चुनावी वर्ष में आमजन को झूठी राहत देने का दिखावा कर रही है। राहत कैंप में आमजन परेशान हो रहा है। सांसद ने राहत कैंपों को अपमान कैंप का नाम दिया।

इस अवसर पर करौली भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने कहा कि केंद्र सरकार के 9 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा 30 मई से 30 जून तक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। 30 मई से 20 जून तक आम सभा प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में आयोजित होगी। आम सभा में केंद्रीय प्रतिनिधि और प्रदेश नेतृत्व भी शामिल होगा। 21 जून से 30 जून तक घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। आज शुक्रवार को प्रत्येक उपखंड मुख्यालय पर बिजली की दर कम करने,अघोषित कटौती और सरचार्ज को लेकर प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान सांसद राजौरिया ने बताया कि चंबल पुल का लोकार्पण और मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास जल्द होगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया,जिला महामंत्री धीरेंद्र बैंसला आदि मौजूद रहे।

## शनि जयन्ती की तैयारी

**भुसावर** (निस)। कस्बा भुसावर सहित ग्रामीण अंचल में शुक्रवार को कर्मफल दाता, सूर्यपुत्र और न्याय के कारक भगवान शनि देव का प्रकटोत्सव विभिन्न मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। जिसके लिए भक्तों ने तैयारियां शुरू कर दी गई है। भुसावर के हिंडोन सड़क मार्ग स्थित जन-जन की आस्था के प्रतीक कोठी वाले हनुमान जी मंदिर के पुजारी राघवेंद्र शर्मा जती ने जानकारी देते हुए बताया कि शनि जयंती इस बार 19, मई यानी शुक्रवार को मनाई जाएगी, शनि जयंती ज्येष्ठ अमावस्या की कृष्ण पक्ष के दिन कर्मफल दाता, सूर्यपुत्र और न्याय के कारक भगवान शनि की जयंती श्रद्धा एवं उल्लास एवं धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। जती ने बताया कि शुक्रवार 19 मई को ज्येष्ठ अमावस्या और वट सावित्री का व्रत का त्यौहार भी मनाया जाएगा। वही मंदिर परिसर में न्याय के देवता शनिदेव की विधिवत पूजा अर्चना, पंच तत्वों से शनिदेव की प्रतिमा का अभिषेक किया।

# कलक्टर ने किया पदभार ग्रहण

**भरतपुर** (निस)। नव पदस्थापित 2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी लोकबंधु ने गुरूवार को जिला कलक्टर के पद का कार्यभार संभाल लिया है। एडीएम प्रषासन रतन कुमार ने नवनियुक्त जिला कलेक्टर लोकबंधु को पदभार ग्रहण कराया। इस मोके पर नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा जिला कलेक्टर लोकबन्धु का बुके देकर स्वागत सत्कार किया गया।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से भरतपुर की स्थितियों एवं विकास को लेकर चर्चा की। पदभार ग्रहण करने के पश्चात बंधु ने मीडियाकर्मियों से रूबरू होते हुए कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कराने का प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रशासन गांव के संग शिविरों के माध्यम से स्थानीय लोगों की जनसमस्याओं का शत-प्रतिशत समाधान हो साथ ही उनका यह प्रयास रहेगा कि महंगाई राहत कैम्पों के माध्यम से पात्र व्यक्तियों का विभिन्न योजनाओं में पंजीकरण कर योजनाओं का निर्धारित समय से प्रभावी लाभ मिले। उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न स्तरों पर की जा रही जनसुनवाईयों के माध्यम से अधिक से अधिक जनसमस्याओं का निस्तारण हो जिससे आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले की समस्याओं के सम्बंध में अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर नियमानुसार समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) श्रीमती बीना महावर, नगर विकास न्यास के सचिव कमलराम मीणा, सहायक कलक्टर सुश्री भारती भारद्वाज, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA
Inspiring Trust, Assuring Safe & Nutritious Food
Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

क्या आपने वित्तीय वर्ष 2022-23 (अंतिम तिथि 31 मई 2023) के लिए अपनी खाद्य विनिर्माण इकाई की वार्षिक विवरणी दाखिल कर दी

किसे विवरणी दाखिल करनी है
- सभी अनुज्ञाप्तिधारक विनिर्माणकर्ता (रिलेबलर एवं रि-पैकर सहित )
- आयातक

दाखिल करने की पद्धतियां
- FoSCoS पोर्टल https://foscos.fssai.gov.in/ के माध्यम से केवल आनलाईन मोड
- प्रत्येक विनिर्माण/आयात अनुज्ञाप्तिधारी के लिए पृथक विवरणी दाखिल करनी है।
- **अस्वीकार्य** - भौतिक प्रति अथवा ईमेल के माध्यम से प्रस्तुति

शास्तियां
- 31 मई 2023 के बाद विवरणी दाखिल करने में विलम्ब के लिए शास्ति/विवरणी दाखिल करने की तिथि तक विलम्ब के रु. 100 प्रति दिन।
- अधिकतम शास्ति वित्त वर्ष 2021-22 से प्रभावी : वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क का 5 गुणा।
- वार्षिक विवरणी दाखिल किये बिना अनुज्ञप्ति का नवीकरण अनुमत नहीं है।

हेल्पलाईन : कॉल @1800112100 एवं ईमेल : helpdesk-foscos@fssai.gov.in
वार्षिक विवरणी पर अधिक विवरण के लिए FoSCoS पोर्टल पर लाईसेसिंग/रजिस्ट्रेशन पर FAQs देवे।

कार्यकारी निदेशक (सीएस)
एफएसएसएआई
CBC 17163/12/0001/2324

# कलक्टर ने समीक्षा बैठक की

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में प्रशासन गॉवों के संग, प्रशासन शहरों के संग शिविरों, मंहगाई राहत कैंपों एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में राज्य सरकार द्वारा की गई घोषणाओं की प्रगति की गुरूवार को समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बजट घोषणाओं के तहत सम्बन्धित विभागीय अधिकारी राजस्व विभाग के अधिकारियों से प्रभावी समन्वय कर भूमि आवंटन के प्रकरणों को समय पर भिजवायें जिससे परियोजनाऐं समय पर पूर्ण हो सके तथा आमजन को लाभ मिल सके इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लें। उन्होंने शहरी क्षेत्र में भूमि आवंटन के लिए स्थानीय नगर निकाय की साधारण सभा की बैठक में प्रस्ताव लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रशासन गॉवों के संग एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिविरों में कार्मिकों की ड्यूटी निर्धारित करें तथा राज्य सरकार के द्वारा शिविरों के लिए आवंटित विभागीय कार्यों को शिविर में पूरा करायें साथ ही स्थानीय स्तर की समस्याओं का मौके पर मुआयना कर नियमानुसार निस्तारण करायें। उन्होंने डीओआईटी के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिये कि शिविरों में जनआधार के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में होने वाले पंजीयन से वंचित परिवारों की सूची तैयार करें जिससे तहसील स्तर पर सूचियों के आधार पर पंजीकरण की प्रक्रिया को गति दी जा सके तथा राज्य स्तर पर जिले की रैंटिग में सुधार लाया जा सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे विभागीय डाटा के आधार पर वंचित उपभोक्ताओं का पंजीयन कराकर लाभान्वित करायें। उन्होंने जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिये कि उचित मूल्य के दुकानदारों का सहयोग लेकर क्षेत्र के पात्र परिवारों को अन्नपूर्णा एवं मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में पंजीकृत कर लक्ष्यों को शत-प्रतिशत हासिल करें तथा ऐसे मंहगाई राहत शिविर जिनकी प्रगति कम है को अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित कर गति लायें।

## दीवार लेखन कार्य शुरू

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी जिला भरतपुर प्रचार - प्रसार विभाग के द्वारा दीवार लेखन कार्य का प्रारंभ भरतपुर सारस चौराहे पर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ऋषि बंसल ने की। कार्यक्रम के जिला संयोजक पंकज सिंह बिजवारी ने बताया कि दीवार लेखन का काम भरतपुर जिले के 1756 बुथों पर किया जाएगा।

एक बूथ पर पांच स्थानों पर लेखन कर राजस्थान की कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार, महिला अत्याचार, दलित अत्याचार, बेरोजगारी, पेपर लीक, सहित तमाम मुद्दों को दीवार लेखन के जरिये जनता तक पहुंचने का काम करेंगे। इस मोके पर प्रदेश मंत्री महेन्द्र सिंह जाटव, पूर्व सांसद बहादुर सिंह कोली, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवाड़ी, सतेन्द्र गोयल, रविंद्र जैन प्रचार प्रसार जिला सह संयोजक उमेश पाराशर, दिनेश भातरा, जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता जिला महामंत्री भगवानदास शर्मा जिला संयोजक अरविंद पाल सिंह ,जिला प्रवक्ता नरेश सेन, हरवीर चौधरी, कोमल महावर, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नए ओ.एस.डी. अंजलि राजोरिया ने किया पदभार ग्रहण



**ओ.एस.डी. अंजली राजोरिया ने गंगापुर सिटी में पदभार ग्रहण किया।**

**गंगापुर सिटी** 18 मई। राज्य सरकार ने गंगापुर को जिला घोषित करने के बाद गंगापुर में भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी अंजलि राजोरिया को विशेष अधिकारी नियुक्त किया है। विशेष अधिकारी राजोरिया ने गुरुवार को गंगापुर में पदभार ग्रहण कर लिया। इसके पश्चात विशेषाधिकारी द्वारा अधिकारियों से गंगापुर सिटी क्षेत्र के बारे में भौगोलिक एवं प्रशासनिक जानकारी प्राप्त की तथा मिनी सचिवालय परिसर स्थित विभिन्न राजकीय कार्यालयों का अवलोकन किया। विशेष अधिकारी अंजलि राजोरिया गुरुवार सुबह गंगापुर पहुंची और जहां पर स्थानीय अधीनस्थ अधिकारियों ने विशेष अधिकारी राजोरिया का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इसके बाद पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद राजोरिया ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। नए ओएसडी राजोरिया ने मिनी सचिवालय में अपने कार्यालय में एसडीएम नरेंद्र कुमार मीणा, पुलिस उपाधीक्षक विजय सांखला, नगर परिषद आयुक्त पंकज मीणा सहित अन्य अधिकारियों से फीडबैक लिया। इस दौरान विशेष अधिकारी अंजलि राजोरिया ने कहा कि गंगापुर हाल ही नया जिला बना है और नए जिले के हिसाब से यहां पर सर्किट हाउस, पुलिस लाइन सहित अन्य कार्यालय बनने हैं, इसके लिए जगह देखकर चिन्हित की जाएगी और जिले के हिसाब से ही पूरा सेटअप तैयार किया जाएगा।